# <u>प्रेस नोट</u>

**विदेश मंत्रालय**

*****

## <u>अटल भाषान्तर योजना</u>

विदेश मंत्रालय (एमईए), हिंदी भाषा में अरबी, चीनी, फ़्रांसीसी, जापानी, रूसी और स्पेनी से विलोमतः अनुवाद के लिए भाषा विशिष्ट दुभाषियों का एक समुच्चय बनाने की दिशा में भाषा विशेषज्ञों को प्रशिक्षण देने के लिए, अटल भाषान्तर योजना (एबीवाई) आरम्भ  कर रहा है।

**2.** एबीवाई योजना के तहत, प्रत्येक उम्मीदवार को उपरोक्त विदेशी भाषाओं में एक बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुना जाएगा और विदेशों में प्रतिष्ठित भाषा स्कूलों में सरकारी खर्चे पर विदेशी भाषा में प्रशिक्षित किया जाएगा। उनका प्रशिक्षण पूरा होने पर, सफल उम्मीदवारों को पांच साल की अवधि के लिए विदेश मंत्रालय मे 'विशेष दुभाषियों' के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

**3.** यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से **6** भाषाओं में स्नातक और उससे ऊपर या उनके समकक्ष, 'ए' या उच्चतर एनएएसी वर्गीकरण के साथ, हिंदी और अंग्रेजी में दक्ष और **21-26** वर्ष की आयु वाले उम्मीदवार एबीवाई के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

**4.** मंत्रालय द्वारा अपनी वेबसाइट, रोजगार समाचार और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में जारी किए जाने वाले विज्ञापनों के माध्यम से एबीवाई के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

नई दिल्ली
दिसंबर **26, 2018**